Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to organize a 'Krishi Mela' in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -laid.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र सलेमपुर की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है । गन्ना यहां की प्रमुख फसल है । सलेमपुर और इसके आस-पास बड़ी संख्या में चीनी मिल स्थित हैं । पूर्वांचल की भूमि उपजाऊ है । यहां अन्य फसलों का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर होता है । लेकिन इस क्षेत्र की उर्वरा भूमि की इष्टतम क्षमता का उपयोग नहीं हो पाया है । किसानों को उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है । कृषि उत्पादन बढ़ाने में आधुनिक कृषि तकनीक के इस्तेमाल का महत्वपूर्ण योगदान है । समय समय पर कृषि विशेषज्ञों से किसानों को प्राप्त उचित मार्गदर्शन से भी कृषि पैदावार में वृद्धि होती है ।

अतः सरकार से अनुरोध है कि सलेमपुर में प्रति वर्ष एक किसान मेला का आयोजन करने की कृपा करें । इससे इस क्षेत्र के किसानों को अनेक लाभ होंगे और कृषि पैदावार में कई गुना वृद्धि होगी । कृषि मेला में किसानों को अद्यतन कृषि तकनीक, उच्च कोटि के बीज, उपयुक्त उर्वरक के बारे में विशेषज्ञों की राय मिलेगी जो उनके लिए अत्यंत लाभकारी होगा । माननीय प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है । इस लक्ष्य को प्राप्त करने में भी किसान मेला बड़ा उपयोगी सिद्ध होगा । अतः इस संबंध में मैं माननीय कृषि मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में कृषि मेला का आयोजन करने की कृपा करें ।